प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

पंतनगर विश्वविद्यालय द्वारा किया गया कृषक गोष्ठी का आयोजन

पंतनगर। 26 मई 2026। खटीमा ब्लाक के अन्तर्गत पंतनगर विश्वविद्यालय द्वारा धान के बीज उत्पादन की आधुनिक तकनीके विषय पर एक कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 150 कृषकों द्वारा प्रतिभाग किया गया तथा विश्वविद्यालय द्वारा धान की उन्नत प्रजातियों के 10–10 कि.ग्रा. बीज निशुल्क उपलब्ध कराये गये। गोष्ठी में कृषकों को धान की उन्नत प्रजातियों के बीज उत्पादन में आवश्यक सावधानियां बरतने हेतु जानकारियां दी गयी। साथ ही बीज उत्पादन में खतपतवार नियंत्रण, रोग एवं कीटों के बेहतर प्रबंधन, कटाई एवं कटाई के उपरान्त आवश्यक सावधानियों के बारे में जानकारी दी गयी। गोष्ठी का उद्घाटन करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अजय मोर्या द्वारा कृषकों को धान के साथ ही अन्य फसलों को भी वैज्ञानिक तरीकें से उगाये जाने पर जोर दिया गया। साथ ही अपनी समस्याओं को पंतनगर विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों को अवगत कराने को कहा गया ताकि उनका त्वरित सामाधान हो सके। विश्वविद्यालय के निदेशक शोध डा. एस.के. वर्मा द्वारा अवगत कराया गया कि पंतनगर विश्वविद्यालय किसानों विशेषकर छोटे एवं सीमान्त किसानों की कृषि को लाभकारी बनाने के लिये प्रतिबद्ध है और समय–समय पर किसानों के लिये आवश्यक कृषि प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जाते है। गोष्ठी में ना केवल कृषि के बारे में जानकारी दी गयी बल्कि भारत सरकार एवं राज्य सरकार के विभिन्न योजनाओं के बारे में जिला कृषि अधिकारी श्री वी.के. यादव द्वारा अवगत कराया गया। बागवानी से सम्बन्धित राज्य सरकार की विभिन्न योजनओं के संबंध में जिला बागवानी अधिकारी द्वारा जानकारी दी गयी। जिला पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा गर्मी एवं बरसात के मौसम में पशुओं में होने वाले विभिन्न रोगों एवं उनके निदान के बारे में कृषकों को जागरूक किया गया। ग्रीष्मकालीन धान की खेती से होने वाली परेशानियों के संबंध में विश्वविद्यालय के डा. अजय द्वारा विस्तार से बताया गया। निदेशक शोध डा. एस.के. वर्मा, सस्य वैज्ञानिक डा. अजय, के.वी.के. काशीपुर के वैज्ञानिक डा. अजय प्रभाकर तथा पूर्व पादप रोग वैज्ञानिक डा. विश्वनाथ द्वारा प्रतिभाग किया गया।